लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 5, अंक 15, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, शनिवार, 2 दिसंबर 2023

एसआरएमएस सीईटी में शुरू हुआ जेस्ट-2023

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2023 की शुरुआत श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को टाइम मैनेजमेंट का संदेश दिया। सांस्कृतिक स्पर्धाओं की शुरुआत युगल नृत्य से और समापन फैशन शो रेनेसा की मस्ती के साथ हुआ। जेस्ट में लखनऊ, उन्नाव और बरेली के शैक्षिक संस्थानों के बीटेक, बीफार्मा, एमसीए, एमबीए, एमबीबीएस, पैरामेडिकल, नर्सिंग, एमटेक, एमफार्मा, एलएलबी जैसे पाठ्यक्रम के विद्यार्थी 38 स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान फाइन आर्ट्स ग्रुप का मार्वल स्टूडियो आकर्षण का केंद्र रहा। थॉर, हल्क, स्पाइडर मैन, कैप्टन अमेरिका, कैप्टन मार्वल जैसे एवेंजर्स के सभी सुपरहीरो से मिलने का मौका मिला। थार का हथौड़ा और कैप्टन अमेरिका की ढाल को ज्यादातर लोगों ने उठाने का प्रयास किया। इस मौके पर सचिव आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. जसप्रीत कौर, नर्सिंग कालेज के प्रिंसिपल डॉ. अनीस चंद्रन, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. सोवन मोहंती, डॉ. जितेंद्र यादव, डॉ. कपिल भूषण आदि मौजूद रहे।